संख्या-5/16/30-3-14-02एलए/2013

प्रेषक,

संतोष कुमार रावत,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

उप सचिव,
समिति (वित्त) अनुभाग-2,
(प्राक्कलन समिति) विधान सभा सचिवालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

परिवहन अनुभाग-3 लखनऊ दिनॉक 09 जनवरी, 2014

विषय - उत्तर प्रदेश की विधानसभा की मा0 प्राक्कलन समिति (2012-13) की दिनॉक 18 जून, 2013 को सम्पन्न हुई बैठक की कार्यवाही के रेखांकित अंशों पर आख्या का प्रेषण।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने अर्द्धशा0 पत्र संख्या-416/34/(प्रा0स0)/2012, दिनॉक 02-07-2013 एवं अर्द्धशा0 पत्र संख्या-606/34/(प्रा0स0)/2012, दिनॉक 11-10-2013 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उपरोक्त कार्यवाही के साक्ष्य अंशों की पुष्टि कराकर कार्यवाही मूलरूप में वापस करने एवं कार्यवाही के रेखांकित अंशों पर आख्या की 70 स्वहस्ताक्षरित प्रतियॉ उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कार्यवाही के साक्ष्य अंशों की पुष्टि करते हुए कार्यवाही मूलरूप में परिवहन अनुभाग-3 के पत्रांक-2298/30-3-13-02एलए/2013, दिनॉक 05-08-2013 द्वारा प्रेषित की जा चुकी है। कार्यवाही के रेखांकित अंशों पर व्याख्यात्मक टिप्पणी की प्रमुख सचिव, परिवहन विभाग द्वारा हस्ताक्षरित 70 प्रतियॉ संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही हैं।

कृपया प्राप्ति स्वीकार करने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

ह0

(संतोष कुमार रावत)
अनु सचिव।

http://srtasandesh.up.nic.in